**आंदोलन** | धान खरीदी, बिजली, खाद और वर्षों से लंबित भुगतान को लेकर सड़कों पर उतरे हजारों किसान

# ट्रैक्टरों के काफिले साथ किसानों का जोरदार प्रदर्शन




**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन की किसान विरोधी नीतियों, धान खरीदी में अनियमितताओं, बिजली, खाद और लंबित भुगतानों को लेकर बुधवार 7 जनवरी 2026 को जबलपुर जिले में किसानों का उग्र आंदोलन देखने को मिला। भारतीय किसान संगठन एवं संयुक्त किसान मंच के संयुक्त आवाहन पर जिलेभर से हजारों किसान ट्रैक्टरों के साथ सड़कों पर उतरे और विशाल ट्रैक्टर रैली निकालते हुए एसडीएम कार्यालय का घेराव किया।

### ट्रैक्टर रैली से लगा जाम

दोपहर 12 बजे से ही किसान ट्रैक्टरों के काफिले के रूप में पाटन चौराहे पर एकत्र होने लगे। रैली के कारण चौराहे का एक ओर का मार्ग लगभग चार घंटे तक पूरी तरह बंद रहा।

### पल्लेदारी बड़ा मुद्दा

किसानों ने आरोप लगाया कि धान खरीदी के दौरान पल्लेदारी के नाम पर 100 रुपये प्रति क्विंटल या 3 किलो धान प्रति क्विंटल की अवैध वसूली को किसानों ने खुला अन्याय बताते हुए इसे तत्काल बंद करने की मांग की। इसके अलावा पूर्व में किए गए प्रदर्शन में पराली जलाने का नियम वापस लेने के बाद भी 170 किसानों लोगों को नोटिस जारी किया है, उक्त नोटिस को वापस लेने की भी मांग की गई।

### ये रहे शामिल

प्रदर्शन में भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष विवेक पटेल, भारत कृषक समाज के संजय जैन, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, क्रांतिकारी किसान मंच के अध्यक्ष भगवान सिंह, किसान सेवा सेना के जिलाध्यक्ष जितेंद्र देशी, किसान क्रांति सेना जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल, पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश पटेल, भारतीय किसान संगठन के जिलाध्यक्ष रामराज पटेल, पाटन तहसील अध्यक्ष नवीन पटेल, ठा.विक्रम सिंह, संजय यादव, रूपेंद्र पटेल, इंदु पटेल, राजकिशोर, संतोष पटेल, किशन पटेल, डॉ आशीष वैद्य, जमील खान, सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

### अधिकारी मंच पर बैठे

लगभग 4 घंटे तक चले प्रदर्शन और आम सभा के बाद अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड,संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन, कृषि अधिकारी रवि आम्रवंशी, एमपीईबी अधिकारी नवनीत राठौर पाटन पहुंचे, किसानों के कहने पर सभी अधिकारी मंच पर बैठकर ज्ञापन में की गई मांगों को बिंदुबार सुना एवं विस्तृत रूप से सभी मांगों की जानकारी देते हुए किसानों को मांगें पूरी करने का आवश्वशन भी दिया। प्रदर्शन के दौरान पाटन एसडीएम मानवेंद्र सिंह, अति पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा भी मौजूद थे।

### स्कूल बस और एम्बुलेंस निकालने हटवाई ट्रैक्टर


प्रदर्शन के दौरान किसानों द्वारा चारों ओर खड़े ट्रैक्टर से यातायात बाधित रहा, लेकिन शाम के समय स्कूल छूटने के बाद निकली स्कूल बसों को जगह देने के लिए किसानों ने अपनी ट्रैक्टरों को अलग किया, जिससे स्कूली बच्चे परेशान ना हों। इसके अलावा वहां से गुजरने वाली एंबुलेंस को भी किसानों ने अपनी ट्रैक्टर पीछे करते हुए जगह बनाई।

### इनका कहना है




हम मेहनत करके धान पैदा करते हैं, अगर समय पर भुगतान और सही समर्थन मूल्य नहीं मिला तो किसानों का भरोसा पूरी तरह टूट जाएगा।

**परम लाल, किसान**



धान खरीदी में पल्लेदारी के नाम पर अवैध वसूली ने किसानों की कमर तोड़ दी है। एक तरफ लागत बढ़ रही है, दूसरी तरफ हर स्तर पर कटौती।

**इंदू पटेल, किसान**



बिजली और खाद की समस्या हर साल बढ़ती जा रही है। 10 घंटे की निरंतर बिजली भी नहीं मिल पा रही।

**सुखदेव ठाकुर, किसान**



आज बड़ी संख्या में किसान सड़कों में उतरे। अगर हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो आने वाले समय में आंदोलन और बड़ा होगा।

**नवीन पटेल, किसान**



# युवक को मारी गोली

**मोहरिया में वारदात हमलावर फरार**

**नवभारत, जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत मोहरिया गली नंबर-5 में मोटरसाइकिल सवार बदमाश ने पिस्टल से फायर कर युवक को गोली मार दी। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गया। घायल को तत्काल उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के लिए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

पुलिस के मुताबिक मोहसिन उर्फ बल्लू मंसूरी 24 वर्ष निवासी खेरमाई मंदिर के पास अम्बेडकर नगर अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मेले में चूड़ी बेचने का काम करता है। रात लगभग 8 बजे वह हसन होटल के पास मोहरिया गया था वह हसन होटल के बाजू वाली गली में खड़ा था तभी एक व्यक्ति मोटर सायकल में हसन होटल तरफ आया। उसके वायें तरफ खड़े होकर बिना कुछ बोले उसे जान से मारने के लिये पिस्टल से गोली चला दी और मोटर सायकल घुमाकर भाग गया, गाड़ी में बैठते समय उक्त व्यक्ति की पिस्टल जमीन में गिर गई थी जिसे उसने उठा लिया था, गोली उसके जांघ में लगी है। टीआई धीरज कुमार राज ने बताया कि गोली किसने और किन कारणों से चलाई है इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। इसके साथ ही सीसीटीव्ही के फुटेज खंगाले जा रहे है। ताकि आरोपी की पहचान हो सकें। घायल ने जावेद नामक युवक पर शव जाहिर किया है। पुलिस संदेही की भी तलाश में है। आरोपी के पकड़े जाने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि वारदात किन कारणों के चलते की गई है।

# पेट्रोल पंप के पास मौजूद हार्डवेयर दुकान में भड़की आग



**नवभारत,जबलपुर।** गौर स्थित पेट्रोल पंप के समीप उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब वहां स्थित विश्वकर्मा हार्डवेयर की दुकान में आग भड़क उठी। आग इतनी भीषण थी कि जिसने देखा वो हैरान हो गया। इस दौरान तत्काल फायर अमले को सूचना दी गई जिसके बाद मौके पर नगर निगम के 4 फायर ब्रिगेड वाहन मौके पर पहुंचे। इस दौरान फायर अमले ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि समय पर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो एक बड़ी दुर्घटना घटित हो जाती क्योंकि जहां विश्वकर्मा हार्डवेयर दुकान थी उसके सामने ही पेट्रोल पंप था।

जानकारी के अनुसार एहतेयात के तौर पर जिला, पुलिस प्रशासन के द्वारा घटना स्थल के आसपास के इलाके को खाली कुछ घंटे के लिए करा दिया गया। क्योंकि आग की ऊंची ऊंची लपटें खतरनाक अंदेशा दे रहीं थीं। हादसे में किसी को चोट नहीं है लेकिन हार्डवेयर दुकान में रखा सारा सामन जलकर खाक हो गया है। आग लगने की वजह अभी सामने नहीं आई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि शॉर्ट सर्किट की वजह से दुकान में आग भड़की है।

# सूटेबल कॉलेज में स्थानांतरित किये गये छात्रों के संबंध में पेश करें हलफनामा

**नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े संबंधित याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार को दिये निर्देश**



**जबलपुर।** नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा संबंधित याचिकाओं की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने सीबीआई की जांच में अनसूटेबल पाये गये छात्र का स्थानांतरण सुटेबल कॉलेज के किये जाने के संबंध में हलफनामा के साथ जानकारी पेश करने के निर्देश जारी किये। युगलपीठ ने याचिका पर अगली सुनवाई 12 फरवरी को निर्धारित की है।

गौरतलब है कि लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की तरफ से प्रदेश में फर्जी तरह से संचालित नर्सिंग के खिलाफ जनहित याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सीबीआई को प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों की जांच के निर्देश दिये थे। । याचिका पर बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से बताया गया कि स्थानांतरण की प्रक्रिया जारी है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी किये। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता आलोक बागरेचा ने पैरवी की।

### नर्सिंग कॉलेज भर्ती में पुरूष कर सकेंगे आवेदन

मप्र हाईकोर्ट में प्रदेश के शासकीय नर्सिंग कॉलेजों में असिस्टेंट, एसोसिएट प्रोफेसर व अन्य पदों पर महिलाओं को सौ प्रतिशत आरक्षण दिये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका पर बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के लिए संशोधित विज्ञापन जारी किया है। पुरुष उम्मीदवार 13 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने सुनवाई के बाद याचिका का निराकरण कर दिया। जबलपुर निवासी नौशाद अली की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की ग्रुप-1 सब ग्रुप-2 संयुक्त भर्ती परीक्षा 2025 के विज्ञापन में असिस्टेंट प्रोफेसर तथा एसोसिएट प्रोफेसर सहित ट्यूटर के कुल 286 पदों पर महिला उम्मीदवारों को सौ प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। प्रदेश के सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में 40 एसोसिएट प्रोफेसर, 28 असिस्टेंट प्रोफेसर और 218 सिस्टर ट्यूटर के पद भरे जाने हैं। इनमें पुरुष उम्मीदवारों को पूरी तरह बाहर कर दिया गया है।

### शहडोल कलेक्टर पर दो लाख रुपये का जुर्माना

मप्र हाईकोर्ट ने प्रशासनिक लापरवाही और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के दुरुपयोग के मामले को काफी सख्ती से लिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस एके सिंह की युगलपीठ ने मामले में शहडोल कलेक्टर डॉ. केदार सिंह पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है, जिसे उन्हें अपने निजी वेतन से जमा करना होगा। इसके साथ ही याचिकाकर्ता पर की गई एनएसए की कारवाई निरस्त कर दी। इसके साथ ही न्यायालय ने कलेक्टर को अवमानना का नोटिस भी जारी किया है।दरअसल यह मामला शहडोल जिले की ब्यौहारी तहसील के बुढ़वा गांव के निवासी सुशांत सिंह बैस का है । वे खेती और मटेरियल सप्लाई का काम करते हैं। वे अपने क्षेत्र में हो रहे अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। उन्होंने स्थानीय स्तर पर आंदोलन किए और कई शिकायतें दर्ज कराईं। उनकी सक्रियता रेत माफिया को खटकने लगी, जिसके बाद साजिश के तहत उनके खिलाफ चोरी और मारपीट के फर्जी मामले दर्ज कराए गए। हद तो तब हो गई जब शहडोल पुलिस प्रशासन के प्रस्ताव पर कलेक्टर ने बिना किसी जांच-परख के उन पर रासुका जैसी गंभीर धारा लगा दी। इस आदेश के बाद सुशांत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। याचिकाकर्ता सुशांत के पिता हीरामणि बैस ने हाईकोर्ट में इस गिरफ्तारी को चुनौती दी।

# सदर बाजार पहुंचा मटमैला पानी, रहवासियों में दहशत

**निर्माण कार्य अंतिम चरणों में**

**नवभारत,जबलपुर।** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई 17 मौतों की दर्दनाक घटना ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है और डर के साये में डाल दिया है क्योंकि करीब 80 प्रतिशत इलाकों में पेयजल की पाइपलाइन नाले-नालियों के बीच से होकर गुजरी है जहां से शहरवासियों के घरों में पानी पहुंचाया जा रहा है। जिसके घर में मटमैला, गंदा पानी आ रहा है वो स्पष्ट कह रहा है कि नाली से होकर गुजरी पाइपलाइन में लीकेज है जिससे नाली का गंदा पानी इसी लाइन से होते हुए उनके घरों में पहुंच रहा है। अब ये मटमैला पानी सदर बाजार में पहुंच चुका है जिससे वहां के रहवासी व व्यापारियों में दहशत व्याप्त हो गई है। जानकारी के अनुसार कैंट विधानसभा के संजय गांधी नगर, राजीव गांधी नगर , सदर बाजार और गोराबाजार इलाके में नाले-नालियों के बीच से पानी की मुख्य पाइपलाइन गुजरी है। बुधवार को सदर बाजार के रहवासियों के घरों के नलों से मटमैला पानी आया तो वे तत्काल पूर्व पार्षद के पास पहुंचे और मांग करने लगे कि आप कैंट बोर्ड प्रशासन के पास जाईए और इस गंभीर समस्या का निराकरण कराईए। विदित हो कि कैंट, सदर का इलाका कैंट बोर्ड प्रशासन के अधीनस्थ आता है इसमें नगर निगम की संलसिता नहीं होती है। इसलिए सूचना मिलने के बाद पूर्व पार्षद सुंदर अग्रवाल कैंट बोर्ड सीईओ के पास पहुंचे जहां उन्होनें शिकायत पत्र सौंपते हुए मांग की कि कैंट विधानसभा के प्रत्येक वार्ड में एचएस टेस्ट किट के माध्यम से पेयजल का सैंपल लेकर उसकी जांच की जाए और कैंट के जिस जिस इलाके में पाइपलाइन नालों के बीच से होकर गुजरी है उसे हटाया जाए।




# एपीके फाईल डाउनलोड करते ही खाते से उड़े एक लाख

**बिजली बिल अपलोड नहीं होने का झांसा देकर लगाया चूना**

**नवभारत, जबलपुर।** गोराबाजार थाना अंतर्गत बिलहरी निवासी एक महिला को बिजली बिल अपलोड नहीं होने का झांसा देकर साइबर ठग ने एपीके फाईल डाउनलोड कराते हुए खाते से एक लाख रुपए उड़ा लिए।

पुलिस ने बताया कि सुनीता कश्यप 48 वर्ष निवासी राजुल सिटी फेस 3 बिलहरी गोराबजार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके मोबाइल नम्बर पर अज्ञात मोबाइल नम्बर से कॉल आया जो बताया कि एमपीव्ही शक्ति भवन से बोल रहा हूँ आपका बिल अपलोड नहीं है आनलाईन शो नहीं हो रहा है कहते हुये बोला प्रोसेस बताता हूँ, आपका बिल शो होने लगेगा, जिसने व्हाटसएप पर एक एपीके फाईल भेजी एवं डाउनलोड करने के लिये कहा, उसने क्लिक करके डाउनलोड कर लिया, उक्त व्यक्ति ने कहा कि फोनपे पर जाकर देखो आपका बिल शो होने लगेगा, उसने फोनपे पर चैक किया उसका फोनपे हेक हो गया फिर उसने अपने पति कैलाश कुमार कश्यप के साथ एमपीईबी जाकर पता किया तो उन्होने बताया कि आपका कोई बिल बकाया नहीं है। उक्त नम्बर फ्राड है बाद में मोबाइल चालू हुआ तो उसके एकाउण्ट से 1 लाख रूपये की राशि निकल गयी।



# जबलपुर को ग्रीन सिटी के रूप में किया जाएगा स्थापित : महापौर

**नवभारत,जबलपुर।** शहर की हरियाली और पार्कों की सूरत बदलने के लिए नगर निगम अब 'एक्शन मोड' में नजर आ रहा है। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की, जिसमें उन्होंने शहर के विकास और सौंदर्यकरण से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए। बैठक के दौरान महापौर ने स्पष्ट किया कि उद्यान विभाग द्वारा किए जा रहे सभी कार्य धरातल पर व्यवस्थित रूप से दिखने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधूरे पड़े प्रोजेक्ट्स को समय सीमा के भीतर पूरा करें।

इस मौके पर महापौर ने अधिकारियों को बताया कि पौधारोपण और हरियाली बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक और व्यवस्थित तरीका अपनाया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य जबलपुर को एक 'ग्रीन सिटी' के रूप में स्थापित करना है।

### भारत माता मंदिर का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में

बैठक में सबसे सुखद खबर भारत माता मंदिर को लेकर आई। महापौर ने बताया कि मंदिर का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में है और जनवरी माह में इसका भव्य लोकार्पण किया जाएगा। यह मंदिर न केवल शहर की आध्यात्मिक शोभा बढ़ाएगा, बल्कि पर्यटन और देशभक्ति के केंद्र के रूप में भी उभरेगा।

अत्याधुनिक मशीनों द्वारा इलाज
मुँहासे | झांइयाँ | सफेद दाग | खुजली | दाद | चर्म रोग | हेयरफॉल | रंग गोरा करें
स्किन हेयर एण्ड सौन्दर्य क्लीनिक
तुरन्त हटाये तिल, मस्से, टैंटू, सफेद दाग
(सोमवार मंगलवार बुधवार)
डॉ. ए.कुमार
B.Sc., B.H.M.S (Skin & VD) Pune
C.C.C.L.A.M (Cosmetologist) IICSAM,
C.C.M.T (Trichologist) IICSAM
पता- 846, छत्रपति भवन, राईट टाउन, नया महावीर जैन मंदिर, गोल बाजार, जबलपुर (म.प्र.)
मो. नं. 9307854830, 7389098734


SHIVAM CERAMIC JABALPUR
QUTONE
महाकौशल का सबसे बड़ा शो-रूम
टाइल्स, इटैलियन मार्बल, ग्रेनाइट, सेनेटरी वेअर
GROHE, Bath Fitting, QUTONE, COLORTILE, SERON & LAVISH टाइल्स की आधुनिक रेंज
MG शो-रूम के बाजू में, नागपुर रोड, मदन महल, जबलपुर - 9425188774, 8224045555


SPARK CONVENT SCHOOL
ADMISSION OPEN 2025-2026
सम्पर्क
Branch-1: New Kanchanpur, Near Neher, Adhartal, Jabalpur MP (Nursery to 8th)
Branch-2: Vatsala Hill View, Sainik Society, Shakti Nagar, Gupteshwar, Jabalpur MP (Nursery to 5th)
Ph. 0761-4923248, Mob. 9425868370

नवभारत
आवश्यकता है
पद की योग्यता
देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के जबलपुर संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।
एकाउंटेंट (बी.कॉम.व टेली एवं 2 वर्ष का अनुभव )
डीटीपी ऑपरेटर (5 वर्ष का अनुभव एवं कोरल ड्रा अनिवार्य)
ऑफिस बाय (10 वीं पास एवं 5 वर्ष का अनुभव )
संपर्क करें
कार्यालय- नवभारत प्रेस, चौथापुल, महर्षि स्कूल के सामने, जबलपुर
(दोपहर 12 से शाम 8 बजे तक )
9752721239, 8305852507
hr.navabharat1934@gmail.com

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57